समस्या शहर के जागृति कॉलोनी क्षेत्र के रहवासियों ने किया नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, समस्या के समाधान की मांग

गंदगी के बीच जिंदगी, महीनों से भरा गंदा पानी

नवभारत, कटनी। नगर निगम सीमा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 16 की जागृति कॉलोनी में महीनों से सड़कों पर जमा दूषित पानी ने हालात भयावह बना दिए हैं। घरों के सामने तक पहुंचे गंदे पानी से आवागमन ठप है, बीमारियों का खतरा बढ़ गया है और किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से लोग सहमे हुए हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से नाराज़ रहवासियों ने रविवार को गंदे पानी के बीच खड़े होकर नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो हालात भागीरथपुरा जैसे हो सकते हैं। जागृति कॉलोनी में दूषित पानी जमा होने से निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महीनों से सड़कों पर जमा यह पानी घरों के सामने तक पहुंच गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है और गंभीर बीमारियों के साथ किसी बड़ी दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है। रविवार को स्थानीय निवासियों ने इस समस्या के विरोध में नगर निगम प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में वार्डवासी जमा गंदे पानी के बीच खड़े होकर निगम की लापरवाही के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। उन्होंने तत्काल जल निकासी की व्यवस्था करने की मांग की। स्थानीय निवासियों रानू सिंह, दीप सिंह, अरिजीत सिंह और राजेश पटेल ने बताया कि वार्ड क्रमांक 16 की नालियों का गंदा पानी निकासी न होने के कारण उनके घरों के सामने जमा हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस समस्या के संबंध में नगर निगम कार्यालय में कई बार लिखित शिकायतें दी जा चुकी हैं। हालांकि, अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराने के बावजूद अभी तक कोई सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ है। प्रशासनिक उदासीनता के कारण कॉलोनी में जलभराव की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो यहां भी इंदौर के भागीरथपुरा जैसी अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो सकती है। दूषित पानी के कारण घरों की नींव कमजोर होने और संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासियों से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है।

ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष ने किया बहोरीबंद क्षेत्र का दौरा

प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में आएंगे कांग्रेस के दिग्गज नेता

नवभारत, कटनी। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह ने रविवार को बहोरीबंद क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान वे ग्राम पंचायत बाकल पिपरिया पहुंचे। जहां उन्होंने वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा के अनावरण स्थल का अवलोकन कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी प्रतिमा का अनावरण संभवत: 20 मार्च को निर्धारित किया गया है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटेल ने बताया कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा अनावरण समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा सहित भोपाल दिल्ली से दिग्गज नेता शामिल हो सकते हैं। कार्यकम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस मौके पर जिला महामंत्री अजय गर्ग, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, डॉ गंगा राम पटेल,राममिलन दुबे, सरपंच पिल्लू पटेल, युवा कांग्रेस नेता नीरज पटेल, ब्लाक सेवादल अध्यक्ष राजेश तिवारी, पूर्णेन्द् पटेल, संजय पटेल,आजाद पटेल, बिल्लू पटेल, रामनारायण पटेल, नारायण पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। गौरतलब है कि पिपरिया में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी भव्य प्रतिमा स्थापित करने के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने अपने मद से 8 लाख रुपए की राशि दी है।

एक नजर में

प्रदेश में टॉप टेन में जिला

नवभारत, कटनी। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण के मामले में कटनी जिला प्रदेश के 28 जिलों के प्रथम समूह में टॉप टेन जिलों में शामिल है। कटनी जिले ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के नियमित अनुश्रवण और पर्यवेक्षण की वजह से प्रथम समूह के 28 जिलों में सातवां स्थान अर्जित किया है। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के जिलों की सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के आधार पर जारी की गई ग्रेडिंग में कटनी जिले ने 82.73 वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड हासिल कर सातवां स्थान अर्जित किया है। कटनी जिला प्रथम समूह के 28 जिलों में सातवें स्थान पर रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने विभागों के अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में और अधिक संवेदनशीलता के साथ परिणामोन्मुखी प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। जिले ने बीते जनवरी माह में प्राप्त 8 हजार 312 शिकायतों में से संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज स्कोर 49.47 है और जिले का वेटेज स्कोर 82.73 और ए ग्रेड है। उल्लेखनीय है कि सीएम हेल्पलाइन की लगातार समीक्षा के परिणामस्वरूप कटनी जिला पिछले करीब 18 माहों से लगातार प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है। कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को और बेहतर उपलब्धि अर्जित करने के लिए और भी जोश और जज्बे के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता, सुशासन का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का भी अच्छा जरिया है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगों की शिकायतों और समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाइन की संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में कटनी जिले के पुलिस विभाग को नवमा स्थान मिला है। पुलिस विभाग ने बीते जनवरी माह में 863 शिकायतों में से 52.14 वेटेज स्कोर के साथ संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर ए ग्रेड हासिल किया। संतुष्टिपूर्ण शिकायतों के निपटारे के मामले में जिला पंचायत को 13वां स्थान मिला है।

स्टेशन के बाहर पार्किंग में खड़े ऑटो रिक्शा में तोड़फोड़

चालकों ने की जीआरपी थाने में शिकायत, जांच शुरू

नवभारत, कटनी। कटनी जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 की ओर स्थित पार्किंग में बीती रात असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। पार्किंग में कतार से खड़े लगभग 7 से 8 ऑटो के कांच पत्थर मारकर तोड़ दिए गए। सुबह जब ऑटो चालक अपने वाहनों के पास पहुंचे, तो उन्हें तोड़फोड़ किए जाने की जानकारी मिली। घटना की शिकायत ऑटो चालकों ने जीआरपी थाने में दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस टने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार प्लेटफॉर्म नंबर 5 वाले की पार्किंग में प्रतिदिन की तरह ऑटो खड़े थे। देर रात अज्ञात ने वहां धावा बोला और एक के बाद एक कई ऑटो के सामने और बगल के कांच चकनाचूर कर दिए। इस घटना से ऑटो चालकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। चालकों का कहना है कि वे पार्किंग शुल्क देते हैं, इसके बावजूद उनके वाहन सुरक्षित नहीं हैं। आर्थिक नुकसान और सुरक्षा में लापरवाही पर दर्जनों ऑटो चालकों ने एकजुट होकर जीआरपी थाने पहुंचे। जहां पर शिकायत दर्ज कराई गई है।

रीठी वन परिक्षेत्र में देखे गए अलग-अलग प्रजातियों के 67 गिद्ध

वन विभाग द्वारा की गई गिद्धों की गणना

नवभारत, रीठी। प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना 2025-26 में शीतकालीन गणना 20 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक सूर्योदय से सुबह 9 बजे तक किया गया है। मध्यप्रदेश में सात प्रजातियों के गिद्ध पाए जाते हैं, जिसमें से चार प्रजातियों स्थानीय हैं, तीन प्रजातियां प्रवासी हैं। इस बार गिद्धों की गणना के लिए प्रथम बार ऑनलाइन ऐप तयार किया गया है, जिसके माध्यम से गिद्धों की गणना की जा रही है। लगभग 25 वन कर्मियों द्वारा ऐप के माध्यम से गणना किए जाने पर आंकड़ों के संकलन और रिपोर्ट तैयार करने में आसानी होगी। रीठी परिक्षेत्र के बिलहरी, कुम्हरवारा टैंक, कैना और इमलाज के क्षेत्रों में 12, 24 और 21 गिद्ध देखे गए। इनमें चारों स्थानीय प्रजातियों के गिद्ध लौंग बिल्ड वल्चर, व्हाइट रंपेड वल्चर, इजिप्शियन वल्चर और रेड हेडेड वल्चर पाए गए। वन परिक्षेत्र अधिकारी महेश पटेल ने बताया कि इस बार की गिद्ध गणना में गिद्धों की संख्या बढ़ने के साथ साथ पहली बार रेड हेडेड वल्चर भी देखा गया, जो कि गिद्धों के प्रति संरक्षण के प्रयासों और जागरूकता का प्रतीक है। गौरतलब है कि देश भर में गिद्धों की संख्या में अत्यधिक गिरावट होने के बाद वन विभाग जन जागरूकता के साथ गिद्धों के संरक्षण में कार्य कर रहा है जिसके परिणाम मिलना भी प्रारंभ हो गए है।

वीवीआईपी ड्यूटी के दौरान सुरक्षा जांच के लिए दिया गया प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में सुरक्षा के लिए दी गई तकनीकी जानकारी

नवभारत, कटनी। जिले में अतिमहत्वपूर्ण और महत्वपूर्ण व्यक्तियों के प्रवास के दौरान उनकी व्यापक और सुदृढ़ सुरक्षा तय करने के उद्देश्य से जिला पुलिस द्वारा 110 पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को पुलिस लाइन में सुरक्षा उपकरण एचएचएमडी, डीएफएमडी के संचालन संबंधी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जबलपुर बीडीडीएस टीम से एएसआई शंभू सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक अरुण द्विवेदी, प्रधान आरक्षक ललित कुमार, आरक्षक आशीष श्रीवास्तव द्वारा विस्तृत तकनीकी जानकारी और एवं व्यवहारिक अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि व्हीवीआईपी, वीआईपी सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं होती। व्हीआईपी के निकट जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की अनिवार्य रूप से सघन जांच की जानी चाहिए। डीएफएमडी और एचएचएमडी जैसे उपकरण आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था के महत्वपूर्ण अंग हैं, जिनके माध्यम से संदिग्ध धातु वस्तुओं का पता लगाकर संभावित खतरे को टाला जा सकता है।

अवकाश के दिन भी की गई बकायादारों से करों की वसूली

करदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क कर रही नगर निगम की टीम

नवभारत, कटनी। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व अधिक से अधिक नागरिकों को नगर निगम के बकाया करों को सहजता से जमा करने की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर रविवार को शासकीय अवकाश रविवार के दिन भी निगम के कैश काउंटर सहित दो स्थलों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि निगम प्रशासन के वसूली के लिए गठित दलों द्वारा भी शहर के विभिन्न वार्डों में सक्रिय रहकर करदाताओं से डोर-टू-डोर संपर्क किया। दलों ने बकायादारों को कर अदायगी के प्रति जागरूक करते हुए लंबित राशि जल्द जमा कराने के लिए कहा गया। कार्रवाई के दौरान करदाताओं को उनके घरों पर ही पीओएस मशीन के माध्यम से बकाया कर की राशि जमा करते हुए रसीद भी दी गई। उन्होने बताया कि पीओएस मशीन से निगम के बकाया के भुगतान को लेकर जहां नागरिकों में जागरूकता देखने को मिल रही है वही निगम कर्मचारियों को भी बकाया करों के संग्रहण में काफी सुविधा हो रही है। इस पहल का उद्देश्य राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाना है।

विजयराघवगढ़ में शारदा मंदिर के पास अवैध प्लाटिंग

कार्रवाई नहीं होने से संदेह के घेरे में अधिकारियों की भूमिका

नवभारत, कटनी। जिले के विजयराघवगढ़ में शारदा मंदिर के पास करीब 15 एकड़ में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। राधे नामक भूमाफिया अवैध कॉलोनी काटकर प्लाटिंग कर रहा है। इस मामले में स्थानीय प्रशासन की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है, कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय प्रशासन की भूमिका संदेह के घेरे में है। जबकि जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों को स्पष्ट आदेश है कि अवैध कॉलोनी बनाकर, प्लाटिंग करने पर सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। बावजूद इसके विजयराघवगढ़ के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारियों ने प्रशासन ने जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के आदेश का पालन करना तो दूर उसे दरकिनार कर गया है। स्थानीय अधिकारियों की अनदेखी से भूमाफिया नियमों को रौंदते हुए और शासन को राजस्व की हानि पहुंचाते हुए अवैध प्लाटिंग कर रहे हैं। कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारियों पर मिलीभगत करने संदेह भी गहराता जा रहा है। विजयराघवगढ़ क्षेत्र में लगातार भूमाफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग की जा रही है, बावजूद इसके स्थानीय अधिकारी मौन की भूमिका में है। कार्रवाई नहीं होने से भू-माफियाओं के हौसले बुंलद है। भू-माफिया न सिर्फ नियमों को दरकिनार कर रहे हैं, बल्कि शासन को राजस्व को भी हानि पहुंचा रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से उनकी भूमिका भी सवालों के घेरे में है। क्षेत्रीय लोगों ने जांच की मांग है।

50 से अधिक प्रकरण दर्ज, वसूला गया 30 लाख रूपए का जुर्माना

अवैध खनन, परिवहन रोकने संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई

नवभारत, कटनी। जिले में खनिज राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली और अवैध उत्खनन, परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। अभियान के रूप में संचालित इन कार्रवाइयों के तहत पिछले दो महीनों में 50 से अधिक प्रकरण दर्ज कर लगभग 30 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। कलेक्टर की अध्यक्षता में पिछले दिनों आयोजित संयुक्त टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनवरी से अब तक अवैध खनन, भंडारण और परिवहन के मामलों में तत्काल कार्रवाई की गई है।

खनिज उपसंचालक रत्नेश दीक्षित ने बताया कि अवैध उत्खनन के 3 प्रकरणों में 2 लाख रुपए, अवैध भंडारण के 3 प्रकरणों में 8 लाख, अवैध परिवहन के 40 से अधिक प्रकरणों में लगभग 20 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। 50 से अधिक प्रकरणों में करीब 30 लाख रुपए की वसूली की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते हुए राजस्व वसूली की प्रक्रिया और तेज कर दी गई है। नियमों की अनदेखी करने वाली 4 खदानों के निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई है। भू-भाटक, बकाया राशि समय पर जमा नहीं करने वाले संचालकों को नोटिस जारी कर कड़े निर्देश दिए गए हैं।

खदानों की निगरानी के लिए भौतिक निरीक्षण के साथ-साथ सैटेलाइट इमेजरी जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। अवैध उत्खनन वाले क्षेत्रों की सटीक पहचान संभव हो रही है।

राजनीति जनहित के मुद्दों को लेकर 24 को विधानसभा का घेराव करेगी कांग्रेस, बनाई जा रही रणनीति

प्रशासनिक संवेदनशीलता और जवाबदेही के मामले में विफल है राज्य सरकार

नवभारत, कटनी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा 24 फरवरी को विधानसभा का घेराव किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन के के संबंध में जानकारी देने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि यह समझौता देशहित के बजाय बाहरी दबाव में किया जा रहा प्रतीत होता है, जिससे किसानों, लघु उद्योगों, व्यापारियों और उपभोक्ताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने मांग की कि आर्थिक नीतियां स्वदेशी हितों के अनुरूप बनाई जाए। प्रेस वार्ता में छिंदवाड़ा में कथित कफ सिरप सेवन से हुई दुखद घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की गई। वहीं इंदौर के भगीरथपुरा क्षेत्र में दूषित जल से हुई मौतों को गंभीर प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और संबंधित नगर प्रशासन की जवाबदेही तय करने की मांग उठाई गई। कांग्रेस नेताओं ने मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की निंदा करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। साथ ही नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के प्रति पूर्व में की गई अभद्र टिप्पणियों को भी लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध बताया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोहन यादव के नेतृत्व वाली राज्य सरकार प्रशासनिक संवेदनशीलता और जवाबदेही के मामले में विफल रही है। नेताओं ने बताया कि 24 फरवरी को भोपाल में आयोजित किसान चौपाल और विधानसभा घेराव कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी शामिल होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ने बताया कि कटनी से सैकड़ों कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह, महिला अध्यक्ष रजनी वर्मा, राकेश जैन कक्का, रामनरेश त्रिपाठी, राजा जगवानी, मंगल सिंह, जितेंद्र गुप्ता, प्रशांत जायसवाल सहित अन्य की मौजूदगी रही।

KAMAKHYA REAL ESTATE
हम है आपकी हर जरूरत के लिए भरोसेमंद साथी...
आवासीय मकान और प्लाट,
वाणिज्यि (कमर्शियल) संपत्तियां,
औद्योगिक (इंडस्ट्रियल)
प्लॉट अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त करें
पूरी पारदर्शिता और आसानी के साथ चाहे
आपको चाहिए एक सुकून भरा घर रिहायशी प्लॉट
व्यवसाय के लिए दुकान
आपकी फैक्ट्री के लिए उपयुक्त जमीन
पूरे भारत में प्रॉपटी खरीदने के लिए संपर्क करें
AMIT GAUTAM +91 86430-19577, +91 96911-21453
E-mail: kamakhyarealstate@gmail.com

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024